# राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर)

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय, डागा स्कूल, बिग्गाबास में संचालित

नोडल महाविद्यालय : राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर

## सत्र 2023–24


भूमि पूजन


भवन शिलान्यास



विधायक निरीक्षण


ध्वजारोहण 15 अगस्त


अध्ययन अध्यापन


प्रतियोगिता विजेता


विश्वविद्यालय निरीक्षण

# विवरणिका

## PROSPECTUS

## राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्री डूँगरगढ (बीकानेर)

नोडल महाविद्यालय : राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर

*website :- hte.rajasthan.gov.in/college/ggcdungargarh*

**नोडल प्राचार्य**
**प्रो. (डॉ.) इंदिरा गोस्वामी**

**नोडल अधिकारी**
डॉ श्रुति गोस्वामी

**सह नोडल अधिकारी**
प्रो. (डॉ.) उज्ज्वल गोस्वामी

## महाविद्यालय : एक ऐतिहासिक परिचय (COLLEGE : A HISTORICAL INTRODUCTION)

श्री डूँगरगढ़ क्षेत्र की बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण में उच्च शिक्षा प्रदान करने एवं बालिका शिक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से बजट घोषणा 2021–22 क्रियान्वयन के क्रम में श्री डूँगरगढ में नवीन राजकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं के लिए एक सौगात है।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2023–24 में यह महाविद्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय, डागा स्कूल, बिग्गाबास में संचालित है। भविष्य में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित भवन छात्राओं के शैक्षणिक एवं सह–शैक्षणिक गतिविधियों हेतु उपलब्ध कराया जावेगा।

## संकायवार अध्यापन के विषय

वर्तमान में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर से संबद्ध इस महाविद्यालय में वर्ष 2021–22 से प्रथम वर्ष (स्नातक) कला संकाय की कक्षाओं में निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार अध्यापन कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में सत्र 2023–24 में तृतीय वर्ष (स्नातक) तक अध्यापन कार्य किया जाएगा।

### कला संकाय (ARTS FACULTY)

#### (अ) स्नातक पाठ्यक्रम (GRADUATION PROGRAMMES)

1. **अनिवार्य विषय (COMPULSORY SUBJECTS)**
    1. सामान्य हिंदी (General Hindi)
    2. सामान्य अंग्रेजी (General English)
    3. पर्यावरण शिक्षा (Environmental Studies)
    4. प्रारंभिक कम्प्यूटर अनुप्रयोग (Elementary Computer Application)
2. **वैकल्पिक विषय (OPTIONAL SUBJECTS)**
    1. हिन्दी साहित्य (Hindi Literature)
    2. अंग्रेजी साहित्य (English Literature)
    3. भूगोल (Geography)
    4. इतिहास (History)
    5. राजनीति विज्ञान (Political Science)
    6. लोक प्रशासन (Public Administration)
    7. समाजशास्त्र (Sociology)

## *प्राचार्य की कलम से . . .*



**प्रिय छात्राओं,**

बीकानेर जिले के श्रीडूँगरगढ में नवस्थापित राजकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन सत्र 2023–24 में आपका स्वागत है।

श्रीडूँगरगढ कस्बे में स्थापित नवीन महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं के लिए एक सौगात लेकर आया है। इस महाविद्यालय की स्थापना से श्रीडूँगरगढ कस्बे की छात्राओं को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा ग्रहण करने का सपना साकार होगा साथ ही इससे महिला शिक्षा को बढावा मिलेगा।

प्रिय छात्राओं आप अपने विद्यार्थी जीवन के अहम पड़ाव पर हैं। इस पड़ाव में हम आपको सफल एवं सुसंस्कृत नागरिक बनाने का निरंतर प्रयास करते रहेंगे। बजट घोषणा 2021–22 के क्रियान्वयन के क्रम में नवस्थापित यह महाविद्यालय वर्तमान में अपने शैशव रूप में है। यह हमारा परम सौभाग्य है कि सरकार एवं भामाशाहों के समन्वित प्रयास के फलस्वरूप सत्र 2021–22 में ही श्रीडूँगरगढ में हनुमान धोरा (जयपुर रोड) स्थित आवंटित भूमि के शिलान्यास का कार्य माननीय उच्च शिक्षा मंत्री के कर कमलों से किया गया है एवं वर्तमान में भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

आगामी सत्र में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन छात्राओं की शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों हेतु उपलब्ध किया जायेगा। आशा है कि बीकानेरवासियों की शुभकामनाओं, सरकार एवं भामाशाहों के निरंतर किए जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप यह आगामी वर्षो में पुष्पित पल्लवित रूप में उन्नति के शिखर पर पहुंचते हुए महिला शिक्षा, महिला विकास एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी एक मिसाल बनेगा, ऐसी मंगलकामनाएं है।

मैं आप सभी से अपेक्षा करती हूं कि आप नियमित एवं अनुशासित रहकर महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में बढ़–चढ़ कर भाग लेंगे, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अपने व्यक्तित्व का निर्माण करेंगे और सफलता प्राप्त कर समाज और अभिभावकों की अपेक्षाओं को साकार करेंगे।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ...

**प्रो. (डॉ.) इंदिरा गोस्वामी**

नोडल प्राचार्य

## संकाय, विषय, स्वीकृत वर्ग एवं छात्रा संख्या

कला संकाय में प्रत्येक स्नातक स्तरीय भाग प्रथम की कक्षा/विषय के लिए कुल स्वीकृत वर्गों एवं छात्राओं की संख्या निम्नानुसार निर्धारित की गई है :—

| क्र.सं. | संकायवार विषय (कला संकाय) | स्वीकृत वर्गों की संख्या | प्रत्येक वर्ग में अधिकतम छात्रा संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य हिन्दी (अनिवार्य) | 02 | 80 |
| 2 | सामान्य अंग्रेजी (अनिवार्य) | 02 | 80 |
| 3 | प्रारम्भिक कम्प्यूटर अनुप्रयोग (अनिवार्य) | 02 | 80 |
| 4 | पर्यावरण अध्ययन (अनिवार्य) | 02 | 80 |
| 5 | हिन्दी साहित्य | 02 | 80 |
| 6 | अंग्रेजी साहित्य | 02 | 80 |
| 7 | भूगोल | 02 | 80 |
| 8 | राजनीति विज्ञान | 02 | 80 |
| 9 | समाज शास्त्र | 02 | 80 |
| 10 | लोक प्रशासन | 02 | 80 |
| 11 | इतिहास | 02 | 80 |
| | | **कुल स्वीकृत सीटों की संख्या** | **160** |

## विषय वर्गानुसार

| वर्ग अ | वर्ग ब | वर्ग स | वर्ग द |
|---|---|---|---|
| हिन्दी साहित्य | अंग्रेजी साहित्य | राजनीति विज्ञान | भूगोल |
| समाजशास्त्र | इतिहास | लोक प्रशासन | |

*नोट :—*

1. प्रत्येक समूह में से किसी एक विषय का चयन करते हुए कोई तीन विषय चयन करने होगें।
2. किसी विषय में स्वीकृत स्थान पूर्ण हो जाने पर प्रवेशार्थी को स्वयं द्वारा दिए गए वरीयता विषय/विषयों को स्वीकार करना आवश्यक होगा।
3. विषय परिवर्तन नियमानुसार स्थान रिक्त होने पर ही संभव हो सकेगा।
4. विषय परिवर्तन मात्र एक ही विषय में संभव होगा एवं रू 200/— फीस लेकर किया जायेगा।

## विषय संयोजन **(SUBJECT COMBINATION)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी साहित्य | अंग्रेजी साहित्य | राजनीति विज्ञान |
| 2 | हिन्दी साहित्य | अंग्रेजी साहित्य | लोक प्रशासन |
| 3 | हिन्दी साहित्य | अंग्रेजी साहित्य | भूगोल |
| 4 | हिन्दी साहित्य | इतिहास | राजनीति विज्ञान |
| 5 | हिन्दी साहित्य | इतिहास | लोक प्रशासन |
| 6 | हिन्दी साहित्य | इतिहास | भूगोल |
| 7 | हिन्दी साहित्य | राजनीति विज्ञान | भूगोल |
| 8 | हिन्दी साहित्य | लोक प्रशासन | भूगोल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | समाजशास्त्र | अंग्रेजी साहित्य | राजनीति विज्ञान |
| 10 | समाजशास्त्र | अंग्रेजी साहित्य | लोक प्रशासन |
| 11 | समाजशास्त्र | अंग्रेजी साहित्य | भूगोल |
| 12 | समाजशास्त्र | इतिहास | राजनीति विज्ञान |
| 13 | समाजशास्त्र | इतिहास | लोक प्रशासन |
| 14 | समाजशास्त्र | इतिहास | भूगोल |
| 15 | समाजशास्त्र | राजनीति विज्ञान | भूगोल |
| 16 | समाजशास्त्र | लोक प्रशासन | भूगोल |
| 17 | अंग्रेजी साहित्य | राजनीति विज्ञान | भूगोल |
| 18 | अंग्रेजी साहित्य | लोक प्रशासन | भूगोल |
| 19 | इतिहास | राजनीति विज्ञान | भूगोल |
| 20 | इतिहास | लोक प्रशासन | भूगोल |

## सीट मैट्रिक्स (SEAT MATRIX)

| S.No | Course | Category | Others | Divyang Ortho | Defence | Kashmiri Migrant | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | BA I | Gen | 53 | 03 | 02 | 00 | 58 |
| 02 | BA I | OBC | 31 | 02 | 01 | 00 | 34 |
| 03 | BA I | SC | 23 | 01 | 01 | 00 | 25 |
| 04 | BA I | ST | 17 | 01 | 01 | 00 | 19 |
| 05 | BA I | MBC | 08 | 00 | 00 | 00 | 08 |
| 06 | BA I | EWS | 15 | 00 | 01 | 00 | 16 |

## सामान्य निर्देश (GENERAL INSTRUCTIONS)

1. छात्राएं महाविद्यालय में शालीन एवं गरिमापूर्ण परिधान धारण करें।
2. छात्राएं महाविद्यालय में शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने में महाविद्यालय प्रशासन को पूर्ण सहयोग दें।
3. छात्राएं अपने खाली कालांश का उपयोग पुस्तके पढने, खेलने एवं उद्यान में बैठकर करें।
4. छात्राएं अपने अध्ययन कक्ष एवं परिसर की स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखें।
5. आवश्यकतानुसार कचरा पात्र (डस्टबिन) का प्रयोग करें।
6. महाविद्यालय की दीवारों, फर्नीचर, सूचना पट्ट तथा महाविद्यालय संपति को नष्ट न करें।
7. जल एवं विद्युत अपव्यय को रोकने का प्रयास करें।
8. महाविद्यालय उद्यान से पुष्प न तोडें।
9. कक्षा में सही समय पर उपस्थित हों साथ ही महाविद्यालय में आयोजित सभा एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने हेतु समय पर पहुंचे।
10. किसी छात्रा के अनुपस्थित होने पर अन्य छात्रा द्वारा उसकी उपस्थिति दर्ज करवाना नियम विरूद्ध है।
11. छात्राओं से अनुरोध है कि महाविद्यालय परिसर में पड़ी हुई कोई वस्तु प्राप्त होने पर उसे कार्यालय/प्राध्यापक कक्ष में जमा करा दें।
12. फीस आदि जमा कराते समय पंक्ति में खडी हों।
13. राष्ट्रीय पर्वों 15 अगस्त व 26 जनवरी पर प्रत्येक छात्रा अपनी उपस्थिति दें।
14. किसी भी छात्रा को महाविद्यालय के पते पर पत्र/डाक मंगवाने की अनुमति नहीं होगी।
15. कक्षा के बाहर फर्नीचर लाते हुए, रखते हुए या तोडते हुए पाये जाने पर छात्रा के विरूद्ध अनुशानात्मक व आर्थिक दंड की कार्यवाही की जायेगी।
16. उपस्थिति उच्च न्यायालय द्वारा प्रसारित आदेशानुसार सभी छात्राओं की विषयवार उपस्थिति 75 प्रतिशत आवश्यक निर्धारित की गई है। 75 प्रतिशत उपस्थिति के अभाव में छात्रा को वार्षिक परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा।
17. माननीय सर्वोच्य न्यायालय के निर्देशुनसार महाविद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा रैगिंग लेना अवैधानिक कृत्य है। किसी छात्रा द्वारा लिप्त पाये जाने पर उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक/दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। राष्ट्रीय एंटी रैगिंग टोल फ्री हेल्प लाइन न. 1800–180–5522 है।

## शैक्षणिक एवं सह–शैक्षणिक गतिविधियॉ (Curriculam & Co-Curriculam Activities)

महाविद्यालय में संचालित/आयोजित होने वाली प्रमुख शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियॉ अग्रांकित है :–

1. नियमित अध्यापन
2. वाद–विवाद प्रतियोगिताऍ एवं शैक्षणिक स्पर्द्धाऍ
3. शैक्षिक विचार गोष्ठियॉ
4. भाषण एवं व्याख्यान माला

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही शिक्षणेत्तर गतिविधियों के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना का भी प्रावधान है।

राजीव गांधी ई कंटेंट बैंक के माध्यम से छात्राओं के ऑनलाइन अध्ययन हेतु यूट्यूब चैनल पर विषय संबधी पाठ्य विषयवार उपलब्ध की जायेंगी।

## महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त सुविधाऍं (Facilities)

1. **पार्किंग** : छात्राओं की सुविधा हेतु महाविद्यालय परिसर में पार्किंग सुविधा का प्रावधान है। वाहन सुरक्षा और दायित्व हेतु अधिकृत चौकीदार की नियुक्ति की जायेगी।
2. **यात्रा सुविधा** : महाविद्यालय की नियमित छात्राओं को नियमानुसार रियायती यात्रा सुविधा प्रदान करने का प्रावधान है ।
3. **सूचना संप्रेषण केन्द्र** : छात्राओं की जानकारी हेतु संबधित सूचनाएं महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर प्रेषित कर दी जावेगी। प्रेषित सूचनाओं के आधार पर समयानुसार कार्यवाही करने का दायित्व पूर्णतः छात्राओं का होगा।
4. **छात्रा परामर्श केन्द्र** : नियमित छात्राओं की शैक्षणिक समस्याओं, प्रवेश समस्याओं, छात्र संघ समस्याओं, व्यवसाय एवं रोजगार अवसरों की खोज हेतु मार्गदर्शन, अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछडे वर्ग और अर्थोपयोगी छात्राओं को परामर्श करने हेतु छात्रा परामर्श केन्द्र स्थापित करने का प्रावधान है।
5. **सुरक्षा बीमा योजना** : महाविद्यालय की छात्राओं हेतु राज्य सरकार द्वारा लागू सुरक्षा बीमा योजना की सुविधा अनिवार्य रूप से लागू की गई है।
6. **अन्य सुविधाएं** : पेयजल सुविधा एवं छात्रा प्रसाधन सुविधा भी उपलब्ध है।

## प्रवेश आवेदन प्रक्रिया (Admission Process)

सत्र 2023–24 में स्नातक पाठयक्रमों में प्रवेश कॉलेज शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के तहत होगा। राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीडूॅंगरगढ में स्नातक पार्ट प्रथम के लिए ऑनलाइन एडमिशन प्रोसेस कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा जारी कलेण्डर के अनुरूप किया जायेगा। विभागीय पोर्टल से ही अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा। इसके अंतर्गत छात्राओं को www.dceapp.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर जाकर एडमिशन लिंक पर जाना है। सत्र 2023–24 हेतु एकीकृत प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। महाविद्यालय में बीए भाग प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करना है। महाविद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कोर्स, विषय, विषय समूह फीस का विवरण, महाविद्यालय की विवरण प्रवेश हेतु सम्पर्क सूत्र, फोन न. एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं विभागीय वेबपोर्टल पर महाविद्यालय के वेबपेज पर देखी जा सकती है। आवेदन के समय आवेदक से कोई शुल्क नही लिया जायेगा। अस्थाई प्रवेश सूची में नाम आने से पूर्व तक हार्ड कापी भी जमा नही की जायेगी।

प्रवेश प्रारंभ होने की तिथि से प्रवेश पूर्ण होने तक महाविद्यालय में हेल्पडेस्क सक्रिय रहेगी।

**हेल्प डेस्क**
श्री गौरव
7737215013

**प्रवेश नोडल अधिकारी**
डॉ तेजकरण
9461904088

## शुल्क सम्बन्धी सूचनाएँ (FEE INFORMATION)

महाविद्यालय में जिन छात्राओं को प्रवेश दिया जावेगा, उन्हें निम्न प्रकार का शुल्क निर्धारित अंतिम तिथि तक जमा कराना होगा। शुल्क जमा कराने पर ही प्रवेश मान्य होगा। ***शुल्क केवल ई–मित्र पर छात्रा स्वयं जमा करावे।***

### (अ) महाविद्यालय शुल्क (बीए भाग प्रथम वर्ष)

| कक्षा | महाविद्यालय शुल्क | | |
|---|---|---|---|
| | सामान्य | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछडा वर्ग छात्रा | दिव्यांग छात्रा |
| बी.ए. भाग प्रथम वर्ष | 1220 | 990 | 00 |

नोट : बी.ए. प्रथम वर्ष में भूगोल विषय लेने वाली छात्राओं को महाविद्यालय शुल्क के अतिरिक्त प्रायोगिक शुल्क के रूप में 120/– रू प्रति छात्रा प्रयोगशाला विकास मद में जमा कराना होगा। यह शुल्क महाविद्यालय द्वारा अधिकृत काउन्टर पर छात्रा स्वयं जमा करावे।



**डॉ. श्रुति गोस्वामी**
**नोडल अधिकारी**



**प्रो.(डॉ.) उज्ज्वल गोस्वामी**
**सह नोडल अधिकारी**



**डॉ. तेजकरण**
**सह आचार्य (इतिहास)**

# GALLERY


DUNGARGARH TIMES
महिया सदूदेवी पारख राजकीय कन्या महाविद्यालय शिलान्यास समारोह, भवन निम
न-कंचनदेवी, आनंदकुमार पारख गरिमामयी उपस्थिति - श्री मंगलाराम गोदारा, श्री मानमल


राजकीय कन्या महाविद्यालय
श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर)


सदू देवी पारख राजकीय कन्या महाविद्यालय,श्रीडूंगरगढ
के भवन निर्माण का
शिलान्यास समारोह
दिनांक -12 मई 2022, गुरूवार प्रातः 11 बजे।
मुख्य अतिथि :- श्रीमान् राजेंद्र सिंह जी यादव
माननीय मंत्री महोदय, उच्च शिक्षा विभाग,राजस्थान सरकार जयपुर
शिलान्यास कर्ता :- श्रीमती राजू देवी पारख धर्मपत्नी स्व.जीवराज जी पारख
अध्यक्षता :- श्री गिरधारीलाल जी महिया,माननीय विधायक श्रीडूंगरगढ़ ( बीकानेर राज. )
प्रायोजक: सेवा लाभार्थी-जतन लाल पारख,श्रीमती कंचन देवी पारख,आनन्द कुमार पारख
जीव जतन जन कल्याण ट्रस्ट, श्रीडूंगरगढ़ :कोलकाता




राजकीय कन्या महाविद्यालय
श्री डूंगरगढ़ (बीकानेर)


वोट है ताकत


सदू देवी पारख
राजकीय कन्या महाविद्यालय
जीव जतन जन कल्याण ट्रस्ट

